बोगर बोनिंगहाऊसन रिपर्टरी से सामान्य होम्योपैथिक औषधियों का असामान्य उपयोग

इस पेपर में डा० भानू देसाई ने अपने अनुभव संकलित किये हैं जो बोगर बोनिंगहाऊसन रिपर्टरी से औषधि के चुनाव से संबंधित हैं। एक या दो लक्षणों द्वारा ही रिपर्टरी से ज्ञात औषधि से रोगी में तीव्र लाभ प्राप्त हुआ एवं ऐसी औषधियां ध्यान में आई जो सामान्य हैं परन्तु उन लक्षणों में ज्यादा प्रयुक्त नहीं की जाती। उदाहरण के लिए 'कान में बूंदे इत्यादि धारण करने से शोथ हो जाना, परन्तु सोने के आभूषणों से न होना' जिसमें रिपर्टरी के माध्यम से बैरायटा कार्ब देने से तुरन्त लाभ हुआ। 'हिलने वाले दांतों में दर्द होना' — रिपर्टरी के माध्यम से हायोसाएमस ज्ञात हुई जिसके देने से दर्द ठीक हुआ।

डा० भानू देसाई का इन अनुभवों को बताने के पीछे उद्देश्य यह है कि बोगर बोनिंघासन रिपर्टरी का उपयोग जब कोई औषधि ध्यान में न आती है, करने से कई बार चमत्कारिक परिणाम दिखाई दिये।